सार-समाचार

प्रधान पद का कार्यभार संभाला

कामां, (निसं)। कामां विधानसभा क्षेत्र में कामां पंचायत समिति व पहाड़ी पंचायत समिति में न्यायालय के आदेशों के बाद में शुक्रवार को दोपहर बाद कामां पंचायत समिति का शहनाज खान ने व पहाड़ी में साजिद खान ने प्रधान पद भार ग्रहण किया। पूर्व मंत्री जाहिदा खान ने बताया कि राजस्थान में भाजपा की सरकार आने के बाद में कामां और पहाड़ी के दोनों प्रधानों को निलंबित करवा दिया गया था, जिसके चलते हमने न्यायालय का सहारा लिया जिसकी वजह से आज शुक्रवार को कामा पंचायत समिति में डॉक्टर शहनाज खान को विकास अधिकारी ने पदभार ठाहण कराया तो वही पहाड़ी में भी साजिद खान को पदवार ठाहण कराया, पूर्व मंत्री ने कहा कि सत्य कुछ समय के लिए परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं हो सकता पूर्व मंत्री जाहिदा खान की मौजूदगी में कामां पंचायत समिति में डॉक्टर शहनाज खान को विकास अधिकारी ने पदवार ठाहण कराया , मौके पर सभी लोगों ने प्रधान शहनाज खान व पूर्व मंत्री जाहिदा खान को माला पहनाकर के उनका स्वागत सम्मान किया। समर्थकों ने पंचायत समिति पर आतिशबाजी व लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की और प्रधान शहनाज़ खान व पूर्व मंत्री जाहिदा खान को शुभकामनाएं दी। सैकड़ों समर्थकों ने फोन पर व सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं दी। पूर्व मंत्री जाहिदा खान ने खुशी का इजहार करते हुए पंचायत समिति में अपने हाथों से मौके पर मौजूद लोगों को लड्डू बांटे, इस मौके पर श्रीचंद गोड़ जिला उपाध्यक्ष , मिसलू सरपंच, कांठोस,ब्लॉक अध्यक्ष हाजी फज्जर खान,शरीफ ठेकेदार टायरा, रामू यादव धिलावटी,जावेद आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

कार्यशाला का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक धरोहर न्यास, इंटैक, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 16वीं क्षमता संवर्धन कार्यशाला में भाग लेकर लौटे भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्ण कान्त शर्मा ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए महाविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों से टेंजिबल और इनटेंजिबल हेरीटेज के उदाहरण देते हुए बताया कि वह किस प्रकार हेरिटेज संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। गंगापुर सिटी के नाजिमवाला तालाब, श्री गंगा मंदिर, श्री गोपीनाथ जी का मंदिर छतरी आदि टेंजिबल हेरिटेज है क्योंकि ये ठोस रूप में मौजूद है। इन भौतिक संरचनाओं को हम देख सकते हैं, छू सकते हैं, और उपयोग कर सकते हैं। वही लाख की चूडी का निर्माण, गंगापुर के मेले, त्यौहार इनटेंजिबल हेरीटेज है क्योंकि यह अमूर्त है। इस पर विस्तार से बातचीत करते हुए उन्होंने इंटक के विभिन्न विभागों एवं उनके कार्यों की जानकारी भी सभी के साथ साझा की। इंटैक न्यूज लेटर विरासत में महाविद्यालय द्वारा इंटैक सवाई माधोपुर चैप्टर के सहयोग से आयोजित हेरिटेज वॉक की खबर प्रकाशित होने पर सभी को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कागजीपुरा के कागज से निर्मित डायरी, हेरिटेज से संबंधित बुकमार्क, विरासत एवं कुछ अन्य प्रकाशन भी दिखाया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह भी बुकमार्क एवं एनहांसिंग प्रोफेशनल कैपेसिटी के सत्रीय कार्य को करते समय कवर पेज अथवा कंटेंट को किस प्रकार से स्थानीय हेरिटेज से जोडकर अपनी बात को कह सकते हैं, इस पर विचार करें। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को उन्होंने अपनी ऑटोग्राफ डायरी जिसका शीर्षक अंतर लाने वाले व्यक्तित्व है भी दिखाया एवं उसकी प्रस्तावना पढकर सुनाया। उन्होंने कहा कि हमारे घरों के आसपास लगे पीपल, बरगद आदि के पेड जिनका अपना सांस्कृतिक, धार्मिक, आयुर्वेदिक महत्व है वे सभी हेरिटेज हैं। इनका संरक्षण करें। आगे चलकर इस प्रकार के हेरिटेज की लिस्टिंग का कार्य इंटैक के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा।

संत सूरदास जयन्ती मनाई

गंगापुर सिटी, (निसं)। शुक्रवार को दिव्यांग सेवा केंद्र में सक्षम टीम ने संत सूरदास जयंती का आयोजन किया। राजस्थान संयोजिका और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सरिता बंसल ने टीम के साथ संत सूरदास की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। सक्षम जिलाध्यक्ष सुधा गुप्ता ने संत सूरदास के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संत सूरदास जन्म से नेत्रहीन थे। फिर भी उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की। वे भगवान कृष्ण के परम भक्त थे। उन्होंने कभी अपनी दृष्टिहीनता को बाधा नहीं माना। कार्यक्रम में बलराम शर्मा और मुकेश शर्मा ने संत सूरदास की रचनाओं की जानकारी दी। बबीता जिंदल, राधा दीक्षित, कौशल्या डंगायच, दीपा अग्रवाल, रेखा सिंह और रीतिक शर्मा ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क संगीत कला प्रशिक्षण शिविर लगाने का प्रस्ताव रखा गया। इस शिविर से दिव्यांगजन रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। इच्छुक दिव्यांगजन गंगापुर सिटी के सैनिक नगर स्थित दिव्यांग सेवा केंद्र पर बलराम शर्मा के पास अपना नाम और फोन नंबर दर्ज करवा सकते हैं।

स्कूल का निरीक्षण किया

गंगापुर सिटी, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने शुक्रवार को गंगापुर सिटी में तीन सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्लॉक डी में पोषाहार की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही उपस्थिति पंजिका और मिशन संवाद कार्यक्रम का अवलोकन किया। प्रिंसिपल को कक्षा-कक्ष और स्कूल प्रांगण की साफ-सफाई के निर्देश दिए। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मिर्जापुर में पोषाहार और पन्नाधाय बाल गोपाल योजना की जांच की गई। स्कूल में महात्मा गांधी शहरी नरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया। राजकीय हायर सैकण्डरी स्कूल, उमरी में कक्षा 1 से 8 तक 212 विद्यार्थी पढ रहे हैं। यहां परीक्षाएं चल रही हैं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने पोषाहार के अलावा व्यवसायिक ट्रेनिंग और कंप्यूटर लैब का भी निरीक्षण किया।

सम्मान समारोह का आयोजन

करौली, (निसं)। सेन्ट जॉन्स सैकण्डरी, स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 10वीं की छात्रा डिम्पल कुमारी पुत्री रामवकील ने विगत दिनों आयोजित राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस कार्यक्रम पर जिला पुलिस मुख्यालय में जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में भाग लेकर जिले में जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला पुलिस अधीक्षक से सम्मानित होने का अवसर प्राप्त किया।

जिला परिषद की बैठक डेढ़ घण्टे देरी से शुरू, जताई नाराजगी

करौली, (निसं)। जिला परिषद करौली की साधारण सभा की बैठक भारत निर्माण राजीव गांधी जन सुविधा केन्द्र के सभाकक्ष में जिला प्रमुख श्रीमती शिमला बैरवा की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित की गई। जिस बैठक के निर्धारित समय से डेढ घण्टे देरी से शुरू होने पर करौली विधायक र्दान सिंह गुर्जर और सपोटरा विधायक हंसराज मीना ने नाराजगी जाहिर करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा।

बैठक में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना सहित जिला परिषद के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में गत बैठक कार्यवाही विवरण के बिन्दुओं पर स्पष्टीकरण,पेयजल आपूर्ति,विद्युत समस्या एवं विभागीय गतिविधियों, सडक निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति, स्वास्थ्य एवं मौसमी बीमारियों, शिक्षा से संबंधित गतिविधियों, कार्यक्रमों, नीतियों आदि के क्रियान्वयन, पंचायती राज विभाग,कृषि एवं पशुपालन विभाग,समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों की विभागीय योजना,गतिविधियों एवं कार्यकलापों की समीक्षा कर विभागवार विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान करौली विधायक गुर्जर ने श्रम विभाग मे दलालो के माध्यम से काम होने व पात्र लोगो के काम नही होने के आरोप लगाये वही सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को सडक निर्माण कार्य मे देरी होने पर सपोटरा विधायक हंसराज मीना ने जमकर लताड लगाई जिला प्रमुख ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि साधारण सभा की बैठक में जन प्रतिनिधियों के द्वारा उठाई गई समस्याओं का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिये अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करें। जिससे ग्रामीणों को बिना किसी परेशानी के योजनाओं का लाभ मिल सके।

बैठक में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने बताया कि साधारण सभा की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप जिले में विकास कार्यों को गति प्रदान करने लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये। वहीं विकास कार्यों की क्रियान्वती में कही भी किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए जल जीवन मिशन के तहत किये पेयजल सम्बंधित निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कर जिले वासियों को राहत प्रदान कराने, विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को सुधारने के लिए कहा। जिससे आमजन को गर्मी के मौसम के दौरान बिजली व पानी को लेकर किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और न ही दूर दराज के गांवों में महिलाओं को पानी के लिए कहीं भटकना न पडें।

जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सुनिश्चित करें की तकनिकी तथा किसी अन्य कारणों से कहीं दूर दराज के गांवों में पेयजल आपूर्ति की यदि कोई समस्या आती भी है तो कंटेजेंसी प्लान के तहत पूर्व तैयारी रखे जिससे टैंकरों के माध्यम से उन स्थानों पर तत्काल पेयजल आपूर्ति उनके द्वार पर सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान सपोटरा विधायक हंसराज मीणा ने बताया कि बिजली,पानी,चिकित्सा, शिक्षा,सडक,कृषि सहित अन्य सभी विभागों से संबंधित आमजन की समस्याओं को सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा साधारण सभा बैठक में रखा गया। वहीं डांग क्षेत्र के सुदूर ईलाकों में रहने वाले ग्रामवासियों की मांगों एवं समस्याओं पर भी बैठक के दौरान विस्तृत चर्चा की गई साधारण सभा के दौरान राज्य वित्त आयोग के तहत आगामी कार्य योजना 2025-26 के लिए 18 करोड 82 लाख के विकास कार्य, डांग विकास योजना के अन्तर्गत 33 करोड की राशि के कार्य,केन्द्रीय वित्त आयोग के तहत आगामी कार्य योजना 2025 - 26 के लिए 3 करोड 87 लाख राशि के विकास कार्य अनुमोदित किये गये।

साथ ही जिला परिषद सदस्यों की अभिशंसा पर राज्य वित्त आयोग की कार्ययोजना में प्रत्येक सदस्य के क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए दस-दस लाख राशि के कार्य जोडे गये। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश शर्मा,अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी लखन सिंह, सानिवि के अधीक्षण अभियन्ता जयलाल मीणा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता जौहरी लाल मीणा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रतियोगिताओ का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के दूसरे दिन श्री गोपाल गोशाला दशहरा मैदान में विशेष गोसेवा का आयोजन किया गया। संयोजक अनुज कुमार शर्मा के नेतृत्व में सर्वप्रथम गायों की पूजा और आरती की गई। उपस्थित ब्राह्मण बंधुओं ने गोशाला की सफाई की और गायों को हरा चारा और पानी दिया। इस दौरान सभी ने हर अमावस्या को गोशाला में सेवा करने की शपथ ली। कार्यक्रम में महेश उपाध्याय, पंडित मोहनाचार्य, पंडित मनु शर्मा, गोशाला व्यवस्थापक कृपाशंकर उपाध्याय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शुक्रवार को शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक श्री परशुराम शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय दशहरा मैदान में विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें मेंढक दौड, कुर्सी दौड, तीन टांग की दौड, मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, आशु भाषण, श्लोक पाठ, जलेबी कूद और रस्साकसी में समाज के महिला बच्चो ने बढ चढ कर हिस्सा लिया।

आईजी राहुल प्रकाश ने ली सीएलजी की बैठक

गंगापुर सिटी, (निसं)। भरतपुर रैज के आईजी राहुल प्रकाश गुरुवार शाम गंगापुर सिटी दौरे पर रहे। इस दौरान मिनी सचिवालय में आईजी राहुल प्रकाश ने एडीएम कार्यालय में सीएलजी के साथ अधिकारियों के साथ ऋाइम को लेकर बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आईजी राहुल प्रकाश शाम को गंगापुर सिटी पहुंचे, यहां मिनी सचिवालय में पुलिस के द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद आईजी ने सीएलजी सदस्यों के साथ बैठक की।

बैठक में सदस्यों ने शहर की समस्याओं वाहनों में तेज आवाज में लाउड स्पीकर चलाने, स्मैक सहित अन्य नशे पर रोक लगाने और शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने की मांग रखी। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात व्यवस्था के लिए 4 यातायात पुलिसकर्मी उपलब्ध कराए है, नशे पर भी नकेल कसी जाएगी और सख्त कार्रवाई की जाएगी। आईजी ने कहा पहलगाम में निर्दोष लोगों पर आतंकियों द्वारा फायरिंग कर मौत के घाट उतारने के मामले में सभी वर्गों से आपसी तालमेल, सद्भाव बनाए रखते हुए सभी से एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखने का आग्रह किया।

आईजी ने सख्त लहजे में कहा कि पहलगाम हमले को लेकर देशभर में आक्रोश है, ऐसे में सभी वर्गों के लोग सुनिश्चित करें कि कोई भी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वस्तु नहीं डाले और न ही शेयर करें, क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन का कर्तव्य है। कानून से खिलवाड को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद आईजी ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों, गंगापुर सिटी, वजीरपुर, बामनवास आदि के सभी थानों के प्रभारी, अधिकारियों की बैठक लेकर ऋाइम पर चर्चा की। इस दौरान सभी लंबित और पुरानी फाइलों का समय पर निस्तारण करने, ऋाइम को कंट्रोल कर असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखते हुए अंकुश लगाने को कहा। इसके बाद आईजी सवाई माधोपुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान बैठक में पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, एडीएम रामकिशोर मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा, पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीणा, बामनवास के उपाधीक्षक, गंगापुर सिटी थानाधिकारी करणसिंह राठौड, सदर के बनैसिंह, उदेई मोड के राजवीरसिंह, वजीरपुर की टीनू सागरवाल सहित कई थानों के अधिकारी-पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

विश्व मजदूर दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

करौली, (निसं)। विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर एक सप्ताह 1 से 7 मई के लिए असंगठित कामगारों के हित में विषेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जावेगी।

1मई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ममता चैधरी के निर्देान में प्राधिकरण से असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल असद अहमद एवं कनिष्ठ सहायक चन्द्र दीप जैन द्वारा रीको इन्डस्ट्रीयल एरिया एवं धनीराम सरपंच का पुरा स्थित गाढिया लोहार बस्ती में मजदूरों,श्रमिकों के मध्य विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर असद अहमद असिस्टेंट लीगल एड डिफेंसकॉन्सिल द्वारा शिविर में उपस्थित मजदूरों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 के बारे में जानकारी प्रदान कर असंगठित क्षेत्र के कामगारों को विधिक सेवाऐं प्राप्त करने, योजनाओं के लिए पंजीकरण करवाकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करने व ई-श्रम पोर्टल पर श्रमिकों के पंजीयन करने इत्यादि की जानकारी प्रदान कर सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया इसी के साथ उप कारागृह हिण्डौन सिटी पर संचालित विधिक सेवा केन्द्र पर कार्यरत अधिकार मित्र अमित कुमार शर्मा द्वारा उप कारागृह हिण्डौनसिटी पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर बंदियों के अधिकारों सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यरत अधिकार मित्र सियाराम मीना मीना द्वारा श्यामपुर नरेगा कार्यस्थल पर रामराज बैरवा द्वारा ठााम जाखोदा पर, देवीसिंह जाटव द्वारा रा.प्रा.वि. भूत्या का पुरा महस्वा में विधिक जागरूकता शिविरों में कानूनी जानकारी प्रदान की गई। इसी श्रृंखला के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 7 मई तक श्रमिकों के उत्थान व कल्याण हेतु स्थानों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कराया जावेगा तथा श्रम विभाग के सहयोग से जिला मुख्यालय व तालुका मुख्यालयों पर शिविरों का आयोजन कर श्रमिकों का पंजीकरण ई-श्रम पोर्टल, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए कराया जावेगा।

जागरूकता शिविर 5 मई से

करौली, (निसं)। जिला उद्योग एवं वाणिज्यिक केन्द्र के महाप्रबंधक गणेश शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत 18 ट्रेडों के परम्परागत दस्तकारों को विश्वकर्मा आईडी प्रदान कर उन्हें प्रशिक्षण सुविधा, टूलकिट वितरण एवं ऋण सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार इन ट्रेडों में मौची,कोबलर एवं सुनार गोल्डस्मिथ का पंजीयन बहुत कम हुआ है इसलिये इनके नामांकन में वृद्धि हेतु मई माह में जागरूकता शिविरों का आयोजन प्रात: 11:00 बजे से किया जाएगा। जिसमें 5 मई को पंचायत समिति सभागार करौली, 9मई को पंचायत समिति सभागार हिण्डौन,19मई को पंचायत समिति सभागार टोडाभीम व 20 मई को पंचायत समिति सभागार मण्डरायल में शिवरों का आयोजन किया जाएगा।

जिला कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

करौली, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए प्रथम गुरुवार को ठााम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। पंचायत समिति मासलपुर की ठााम पंचायत मुख्यालय मासलपुर के भारत निर्माण केन्द्र पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में ठााम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 07 दिन मे निस्तारण करना सुनिष्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंषा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिष्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना को शीघ्रता से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।जिला कलक्टर ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से सुने और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनका त्वरित निस्तारण कर परिवादियों को राहत दिलाएँ। अधिकारीगण यह भी सुनिश्चित करें कि इस जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की आगामी जनसुनवाई में पुनरावृति न हो। जनसुनवाई के दौरान 25 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई करवाने, रास्ते से अतिक्रमण हटवाने, एनएफएसए में नाम जुडवाने, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की व्यवस्था करवाने, बिजली के ढीले तारों को दुरुस्त करवाने, सहित अन्य प्रकरण शामिल हैं। इस अवसर पर तहसीलदार कौशल गर्ग, विकास अधिकारी सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं परिवादी उपस्थित रहे।

बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

गंगापुर सिटी, (निसं)। 22० केवी जीएसएस पर जरूरी रण 3 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।मरम्मत और रखरखाव कार्य किया जाएगा। 220 केवी जीएसएस के अधिशासी एमएल गुप्ता ने बताया कि इस दौरान 220 केवी जीएसएस गंगापुर सिटी से जुडे 33 केवी फीडर पीलौदा और दौलतपुर की सप्लाई पूरी तरह बाधित रहेगी।

हमले के दो आरोपियो को दस-दस साल की सजा

गंगापुर सिटी, (निसं)। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने जानलेवा हमले के एक मामले में दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। दोषी सलमान और हीरा उर्फ गोरधन को 10-10 साल की सजा सुनाई गई है। 3 जनवरी 2014 को शाम साढे 5 बजे शुभम गोयल अपनी दुकान खाजू साडी एम्पोरियम पर बैठा था। उस समय अंजनी कुमार भी वहां मौजूद था। तभी आरोपी वहां आए और शुभम पर गोली चला दी। गोली शुभम के पेट में लगी। आरोपी मस्जिद की तरफ भाग गए। घायल शुभम को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। बाद में डॉक्टरों ने उसे जयपुर रेफर कर दिया। पीडित के भाई योगेंद्र गोयल की शिकायत पर पुलिस ने धारा 307, 34 के तहत मामला दर्ज किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सलमान और हीरा को दोषी पाया। दोनों को 20-20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया।

एस. पी. एल. किक्रेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

सूरौठ, (निसं)। तहसील मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर एस पी एल किक्रेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ आयोजन कमेटी सदस्य विश्राम मीणा व केदार मीना ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव देशराज मीना रहे व विशिष्ट अतिथि वेदप्रकाश शर्मा, थाना प्रभारी महेश चंद्र मीणा,अमरसिंह मीना,पंचायत समिति सदस्य बृजेश भारद्वाज,सम्पत कटकरिया, महादेवा जांगिड, बाबू खां, श्यामसुंदर सैनी, नीरज बंशीवाल सहित पधारे हुए सभी अतिथि गणों का कमेटी सदस्यों कि ओर से माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि देशराज मीणा ने कस्बे के लोकप्रिय आराध्य देव बूडन्दें बाबा के चित्र पटेल के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया,रिंकू मीना व राहुल मीणा ने कहा कि उद्घाटन मैच रब्बारावजी,दौसा व जटवाड़ा करौली के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रबर आदि दोसा की टीम में 113 रन बनाए जटवाड़ा की टीम ने पीछा करते हुए 85 रन पर पूरी टीम सिमट गई, 28 रन से मैच रब्बारावजी दौसा की टीम में मैच जीत लिया उद्घाटन मैच में मैन ऑफ द मैच संजय सांसी रहे,मैच में अंपायर की भूमिका अमर सिंह मीणा व जाकिर हुसैन के द्वारा निभाई गई मुख्य अतिथि देशराज मीणा ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेल, मीणा ने कहा कि गांव में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है लेकिन उन्हें मौके नहीं मिलते, प्रतियोगिता में कई जिलों की 64 टीमें भाग ले रही है, प्रतियोगिता में डी आर एस सुविधा भी है प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1 लाख रुपये व शील्ड , उप विजेता टीम कों 51 हजार रुपए व शील्ड और तृतीय विजेता को 11 हजार व शील्ड , व चतुर्थ स्थान पर रहने वाली टीम को 51 सौ रुपए व शील्ड प्रदान की जाएगी । बेस्ट ऑफ प्लेयर के लिए किक्रेट बैट प्रदान किया जायेगा कार्यक्रम का मंच संचालन पुरूषोत्तम बंशीवाल, जाकिर हुसैन द्वारा किया गया इस मौके पर, नरेंद्र बाबा,मगन मीना प्रमोद तिवारी, राजेश वकील खुशवंत मीणा सत्येन्द्र बंशीवाल, सतीश मीणा लाखन विजय सिंह जाटव रोशन खान, मनोज मीणा पप्पू खांन नरेंश मीना कमलेश महावर, सहित आदि उपस्थित रहे।

सार-समाचार

डॉ. आर्य ने भेंट की बाल वाहिनी

भरतपुर, (निसं)। आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर के द्वारा केशव नगर स्थित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर भारतीय प्रवासी अमेरिका निवासी डॉ.यशपाल-उर्मिलेश आर्य,भारतीय स्टेण्ड बैक और भामाशाहों ने एवीएम स्कूलों को उपलब्ध कराई बाल वाहिनी,कम्प्यूटर सहित अन्य शैक्षिक उपकरण व फर्नीचर भेंट करने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें स्कूलों को बाल वाहिनी और अन्य सामान सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसबीआई बैंक के क्षेत्रिय प्रबन्धक आशीष गोयल ने की। मुख्य अतिथि डीग-कुम्हेर के विधायक डॉ.शैलेश सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि जविविनि के रिटायर्ड अधीक्षण अभियन्ता हेमराज गोयल,उद्योगपति रामकुमार गुप्ता रहे। एसबीआई के सौजन्य से सीएसआर फण्ड से 70 लाख की दो एवीएम स्कूलों को बाल वाहिनी एवं 100 कम्प्यूटर मय फर्नीचर के भेंट किए। वही भारतीय प्रवासी अमेरिका निवासी डॉ.यशपाल आर्य एव उनकी धर्मपत्नि डॉ.उर्मिलेश आर्य ने गांव खानुआं में संचालित एवीएम स्कूल को बाल वाहिनी भेंट की। विधायक डॉ.शैलेश सिंह ने कहा कि आदर्श विद्या मन्दिर शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों के केन्द्र है। इन स्कूलों के छात्र-छात्राऐं भारतीय प्रशासनिक सेवा सहित अन्य सरकारी व गैर सरकारी सेवाओं में सर्विस कर संस्था का नाम रोशन कर रहे है। एसबीआई बैंक के क्षेत्रिय प्रबन्धक आशीष गोयल ने कहा कि बैकिंग कार्य के अलावा एसबीआई अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। देश,समाज,परिवार,किसान,शिक्षा,ठाामीण विकास आदि के हित में काम करती है। एसबीआई द्वारा सीएसआर फण्ड से 70 लाख की राशि दो एवीएम स्कूलों को स्वीकृत की,जिस राशि से दो बाल वाहिनी एव मय फर्नीचर के 100 कम्प्यूटर क्रय कर आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर को भेंट किए। जिला संस्कार केन्द्र एवं शिशुवाटिका प्रमुख चैतन्य प्रकाश अठावाल ने बताया कि भारतीय प्रवासी एवं अमेरिका निवासी डॉ.यशपाल-उर्मिलेश आर्य ने गांव खानुआं में संचालित एवीएम स्कूल को 23 लाख की नगदी स्वीकृत की,जिस राशि से एक बाल वाहिनी क्रय की और बाल वाहिनी को डॉ.यशपाल-उर्मिलेश आर्य के प्रतिनिधि हेमराज गोयल ने सौंपा। उद्योगपति रामकुमार गुप्ता ने समिति को 5 लाख का सहयोग दिया। वही विधायक डॉ.शैलेश सिंह ने माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर डीग एवं उच्च प्राथमिक बालिका आदर्श विद्या डीग को 10 लाख रुपए का सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर माननीय विभाग संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भरतपुर भागीरथ सिंह, नगर संघचालक राकेश खंडेलवाल तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्तीय अधिकारी कमल किशोर, सुरेश कुन्तल, दिनेश कुमार गुप्ता, विभाग सेवा प्रमुख दिनेश वैद्य आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर के अध्यक्ष डॉ योगेन्द्र भानु व्यवस्थापक मल्ल सिंह कोषाध्यक्ष अमित कुमार अठावाल, जिला सचिव सन्तोष कुमार कटारा, जिला कार्यकारिणी सदस्य दिनेश गुप्ता,महेश जैन एवं लक्ष्मण सिंह जिला संस्कार केन्द्र एवं शिशुवाटिका प्रमुख चैतन्य प्रकाश अठावाल जिला कार्यालय सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता लोकेश चन्द्र जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ योगेन्द्र भानु ने एवं संचालन अमित कुमार अठावाल ने किया।सभी का आभार ज्ञापन मल्ल सिंह द्वारा किया गया।

टीकाकरण अभियान का समय बढ़ाया

करौली, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर जिले में 24 से 30 अप्रेल तक संचालित विश्व टीकाकरण सप्ताह को 8 मई तक बढाया गया है। अभियान के तहत मीजल्स-रूबेला का उन्मूलन किया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश चंद मीणा ने बताया कि 24 अप्रेल को केन्द्रीय चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान 2025-26 का शुभारंभ किया गया था।इसी के निर्देशों की पालना में राज्य व जिला स्तर पर विश्व टीकाकरण सप्ताह 24 से 30 अप्रैल के तहत जिले में विशेष टीकाकरण अभियान का संचालन किया गया, जिसे अब 8 मई तक बढाया गया है।अभियान के तहत वंचित बच्चों का टीकाकरण कर इसकी प्रविष्टियां यूविन पर दर्ज की जाएंगी। अभियान मैं शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय ए